दिनांकः 20.03.2026 समय : 09:00 ए.एम.

आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेशिक समाचार

- केन्द्र सरकार ने कहा – देश में घरेलू पीएनजी और परिवहन के लिए सीएनजी की शत–प्रतिशत आपूर्ति सुनिश्चित की जा रही है।
- राज्य सरकार ने बड़ा प्रशासनिक फेरबदल करते हुए 25 आईएएस और 9 आईपीएस अधिकारियों के तबादले किये।
- राज्य में मौसम का मिजाज़ बदला–कई स्थानों पर आंधी, बारिश और ओले गिरने से तापमान में गिरावट।
- राजस्थान दिवस के उपलक्ष में प्रदेशभर में सांस्कृतिक संध्याओं का आयोजन हुआ।

000

केन्द्र सरकार ने कहा है कि देश में घरेलू पीएनजी और परिवहन के लिए सीएनजी की शत–प्रतिशत आपूर्ति सुनिश्चित की जा रही है। पश्चिम एशिया घटनाक्रमों पर नई दिल्ली में अंतर मंत्रालयी प्रेस वार्ता में ये जानकारी दी गई। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने बताया कि दो सप्ताह के भीतर लगभग सवा लाख घरेलू और वाणिज्यिक पीएनजी कनेक्शन जारी किए गए हैं।

विदेश मंत्रालय में खाड़ी मामलों के संयुक्त सचिव असीम महाजन ने कहा कि 28 फरवरी से अब तक लगभग 2 लाख 80 हजार यात्री स्वदेश लौट चुके हैं। सरकार कुवैत, बहरीन और इराक में फंसे भारतीय नागरिकों की स्वदेश वापसी सुगम बना रही है। वहीं पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय के विशेष सचिव राजेश कुमार सिन्हा ने कहा कि होर्मुज जलडमरूमध्य सहित फारस की खाड़ी में सभी भारतीय जहाज सुरक्षित हैं।

000

राज्य में पंचायत चुनावों को लेकर सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री अविनाश गहलोत ने कहा है कि ओबीसी वर्ग के राजनैतिक प्रतिनिधित्व की सर्वे संबंधी प्रक्रिया अभी पूरी नहीं हुई है। श्री गहलोत कल झुन्झुनू में मीडिया से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि उच्चतम न्यायालय के निर्देशों के अनुसार चुनाव से पहले ये प्रक्रिया पूरी करवाना आवश्यक है।

श्री गहलोत ने कहा कि सरकार की मंशा चुनाव टालने की कतई नहीं है बल्कि अदालत के दिशा–निर्देशों की पालना प्राथमिकता से करना अनिवार्य है।

000

राज्य सरकार ने देर रात बडा प्रशासनिक फेरबदल करते हुए 25 आईएएस और 9 आईपीएस अधिकारियों के तबादले किये। कार्मिक विभाग की ओर से जारी आदेशों के अनुसार अतिरिक्त मुख्य सचिव पर्यटन प्रवीन गुप्ता को खेल विभाग का जिम्मा दिया गया है। एसीएस अपर्णा अरोड़ा को खान विभाग, वहीं डॉ. समित शर्मा को सहकारिता विभाग के रजिस्ट्रार की जिम्मेदारी दी गई है। अजिताभ शर्मा राजस्व मण्डल का कामकाज देखेंगे। खेल सचिव नीरज के. पवन को डीजीआईजीपीआरएस लगाया गया है। उधर पुलिस उपायुक्त हनुमान प्रसाद मीणा को जयपुर ग्रामीण का पुलिस अधीक्षक बनाया गया है। संजीव नैन को डीसीपी क्राइम जयपुर और योगेश गोयल को डीसीपी ट्रेफिक बनाया गया है। वहीं 13 मार्च को जारी तबादला सूची में से करौली और बांसवाड़ा पुलिस अधीक्षक सहित पांच आईपीएस के तबादले निरस्त किये गये हैं।

000

पश्चिमी विक्षोभ के असर से राज्य में मौसम एक बार फिर बदल गया है। कई स्थानों पर हुई बारिश से वातावरण में ठण्डक घुल गई है और तापमान में 11 डिग्री तक की गिरावट आई है। दौसा, सीकर, झुन्झुनू, अलवर, नागौर, श्रीगंगानगर, जोधुपर, जैसलमेर और बीकानेर में अच्छी बरसात हुई। राजधानी जयपुर में भी कल देर शाम से हुआ हल्की बारिश का सिलसिला अभी भी रूक–रूक कर जारी है। करौली, बारां, और चूरू से भी अच्छी बारिश के समाचार हैं। कोटपूतली–बहरोड़ में तेज बारिश के साथ ओले भी गिरे। हमारे संवाददाता ने बताया कि बेमौसम हुई इस झमाझम बारिश ने किसानों की चिंता बढ़ा दी है।

डीग, सवाईमाधोपुर, डूंगरपुर, पाली, अजमेर सहित कई स्थानों पर गरज के साथ तेज हवाएं चल रही है और बूंदा–बांदी का दौर जारी है। मौसम विभाग ने आज अजमेर, जयपुर, भरतपुर और कोटा संभाग के कुछ हिस्सों में गरज के साथ बरसात की संभावना जताई है। वहीं अगले कुछ घंटों जयपुर, अलवर, झुन्झुनू, दौसा, भरतपुर और धौलपुर में बारिश का ऑरेंज अलर्ट और अजमेर, नागौर, सीकर, टोंक, सवाईमाधोपुर, कोटा और चूरू के लिए येलो अलर्ट बताया गया है।

000

चैत्र शुक्ल प्रतिपदा को मनाये गये राजस्थान दिवस के उपलक्ष में कल प्रदेशभर में सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया गया। राज्य स्तरीय समारोह जयपुर के अलबर्ट हॉल पर हुआ। मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा, उपमुख्यमंत्री प्रेमचन्द बैरवा और उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी भी कार्यक्रम में शामिल हुए। इस सांस्कृतिक संध्या में प्रदेश के विभिन्न अचंलों के लोक कलाकारों की प्रस्तुतियां हुई। इसके साथ ही भव्य आतिशबाजी ने शहरवासियों में जोश भर दिया।

राजस्थान दिवस और नव संवत्सर के उपलक्ष में कोटा के किशोर सागर, बारादरी परिसर पर लोक कलाओं का अनूठा संगम देखने को मिला।

वहीं पाली, डूंगरपुर, जैसलमेर, हनुमानगढ़ सहित अन्य सभी जिलों में सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया गया। राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने जोधुपर के मारवाड इन्टरनेशनल सेंटर में हुई सांस्कृतिक संध्या का आनन्द लिया।

000

कल से शुरू हुए 9 दिन तक चलने वाले चैत्र नवरात्र में आज मां दुर्गा के ब्रह्मचारिणी स्वरूप की अराधना की जा रही है। वहीं ईद का पर्व कल मनाया जाएगा। आज रमजान के महीने का 30वां रोजा रखा जा रहा है। सेन्ट्रल हिलाल कमेटी ने कल चांद नजर नहीं आने पर इदुल–फितर का पर्व 21 मार्च को मनाये जाने की जानकारी दी। ईदगाह और जामा मस्जिद में ईद–उल–फितर की सामूहिक नमाज अदा की जाएगी। कल लोकपर्व गणगौर भी मनाया जाएगा। उससे पहले आज सिंजारा पर्व मनाया जा रहा है। महिलाएं पारम्परिक गीत गाकर ईसर और गणगौर की पूजा कर रही हैं।

000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 29 मार्च को आकाशवाणी के ''मन की बात'' कार्यक्रम में अपने विचार साझा करेंगे। ये इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की 132वीं कड़ी होगी। इसके लिए सुझाव टोल–फ्री नम्बर 1800–11–7800 पर भेजे जा सकते हैं। नरेन्द्र मोदी एप और माय जीओवी ओपन फोरम के माध्यम से भी विचार भेजे जा सकते हैं। ये सुझाव 27 मार्च तक स्वीकार किए जाएंगे।

000